# कलेक्टर ने मुख्यमंत्री वृक्षारोपण महाभियान की तैयारियों के बारे में जाना

**बीकानेर,**(कासं)। जिला कलेक्टर नम्रता वृष्णि ने शुक्रवार को कलक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में ग्रामीण विकास एवं पंचायत राज विभाग की योजनाओं की समीक्षा की।

उन्होंने कहा कि जलदाय, विद्युत, सार्वजनिक निर्माण सहित समस्त लाइन डिपार्टमेंट, एमएलए और एमपी लैड के कार्यों के उपयोगिता प्रमाण पत्र जिला परिषद को उपलब्ध करवाई जाए। स्वीकृत कार्यों, भूमि एवं तकनीकी रिपोर्ट भी प्राथमिकता से उपलब्ध करवाई जाए। उन्होंने मुख्यमंत्री वृक्षारोपण महाभियान के तहत करवाए जाने वाले पौधारोपण की तैयारियों की समीक्षा की और कहा कि इसमें प्रत्येक विभाग की भागीदारी सुनिश्चित की जाए। मनरेगा के तहत लगाये जाने वाले 3.40 लाख पौधों के बारे में जाना। उन्होंने बताया कि 1.09 लाख पौधे शैक्षणिक परिसर में लगाए जायेंगे। वहीं शेष पौधे चारागाहों, पंचायतों, श्मशान भूमियों सहित अन्य स्थानों पर लगाए जायेंगे। पौधारोपण कार्य में जनप्रतिनिधियों, विद्यार्थियों और स्वयंसेवी संस्थाओं का सहयोग लिया जायेगा। पौधों की सुरक्षा एवं आवश्यक सहयोग मनरेगा द्वारा किया जायेगा। प्रत्येक पौधे को जीओ-ट्री मोबाइल ऐप के माध्यम से टेग किया जायेगा।

उन्होंने मनरेगा के तहत व्यक्तिगत लाभ के अधिक से अधिक कार्य करवाने के निर्देश दिए। एमएलए और एमपी लैड के स्वीकृत, प्रगतिरत और पूर्ण कार्यों के बारे में जाना तथा पूर्ण कार्यों के पूर्णता प्रमाण पत्र उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक पंचायत से चारदीवारी विहीन स्कूलों के प्रस्ताव दिए जाएं। प्रत्येक पंचायत समिति क्षेत्र में नए आंगनबाड़ी केन्द्र भवन बनाए जाने संबंधी प्रस्ताव उपलब्ध करवाने को कहा।



बीकानेर कलेक्टर ने ग्रामीण विकास एवं पंचायत राज विभाग की योजनाओं की समीक्षा बैठक को संबोधित किया।

उन्होंने कहा कि मनरेगा कार्यस्थल पर श्रमिकों की उपस्थिति की मॉनिटरिंग नेशनल मोबाइल मॉनिटरिंग सिस्टम से की जाए। इसके तहत श्रमिकों की उपस्थिति फोटो के साथ दर्ज करवाई जाए। यदि किसी श्रमिक की उपस्थिति गलत दर्ज की गई तो संबंधित अधिकारी इसके लिए जिम्मेदार होगा और उसके विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने मुख्यमंत्री जल स्वावलम्ब अभियान 2.0 के तहत किए जा रहे कार्यों के बारे में जाना और कहा कि इन कार्यों की गुणवत्ता का पूर्ण ध्यान दिया जाए। वरिष्ठ अधिकारी इनकी नियमित मॉनिटरिंग करें। उन्होंने पंचायत समिति वार विभिन्न कार्यों की समीक्षा की। जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सोहन लाल ने विभिन्न योजनाओं और कार्यक्रमों की प्रगति की जानकारी दी।

इस दौरान अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी अवि गर्ग, अधीक्षण अभियंता भूप सिंह, अधिशाषी अभियंता धीर सिंह गोदारा, राम निवास शर्मा, सहायक अभियंता सुंदर लाल गोदारा, अराधना शर्मा, मनीष पूनिया सहित समस्त विकास अधिकारी मौजूद थे।

**श्रीगंगानगर।** संभागीय आयुक्त वंदना सिंघवी ने शुक्रवार को सादुलशहर एसडीएम कार्यालय का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने एसडीएम शिवा चौधरी सहित कार्मिकों को आवश्यक निर्देश दिये। इसके बाद उन्होंने पंचायत समिति सभागार में आयोजित बैठक में समस्त अधिकारियों को पौधारोपण एवं राजकीय कार्यालयों में नियमित साफ-सफाई के निर्देश दिए।

- **नेशनल मोबाइल मॉनिटरिंग सिस्टम के तहत मनरेगा श्रमिकों की उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए**

बैठक में संभागीय आयुक्त ने कहा कि राज्य सरकार के निर्देशानुसार समस्त कार्मिक निर्धारित समय पर कार्यालय पहुंचें। उन्होंने मानसून के दौरान वृक्षारोपण अभियान की सफलता के लिये समस्त कार्मिकों के साथ-साथ आमजन से भी पौधारोपण का आव्हान करते हुए कहा कि प्रत्येक व्यक्ति एक पौधा अवश्य लगाये और उसकी देखभाल भी करें। 'मेरा गमला मेरा अभियान' के तहत प्रत्येक कर्मचारी गमले पर अपना नाम लिखें और पौधे की देखभाल की जिम्मेदारी लें।

इसी तरह विद्यालयों में प्रत्येक विद्यार्थी को एक-एक पौधा देकर उनकी देखभाल की जिम्मेदारी दी जाये। राजकीय कार्यालयों में नियमित साफ-सफाई रखने के निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि नाकारा सामान का निस्तारण नियमानुसार किया जाये। विभिन्न विभागों से योजनाओं की प्रगति की जानकारी लेते हुए उन्होंने कहा कि आमजन को स्वच्छ पेयजल और निर्बाध विद्युत आपूर्ति के लिये विभागीय अधिकारी सक्रिय रहें। व्यवस्थाएं सुनिश्चित होनी चाहिए। कोई समस्या है तो उसका निस्तारण किया जाये।

## निःशुल्क पौधों का वितरण

**बीकानेर,**(कासं)। बीकानेर के समता नगर में एक अनूठी पहल देखने को मिली जहां प्रकृति को बचाने के लिए 3 दोस्त शुभम, कुनाल, सृजन ने बगैर किसी के सहयोग से पिछले 3 साल से निःशुल्क पौधों का वितरण कर रहे है। इनमें छायादार, फलदार एवं फूल वाले पौधे शामिल हैं।जैसे मीठा नीम, हारसिंगर, कृष्ण श्यामल, बकाइन, करंज, खेजड़ी, नीम, शीशम, अमरूद, जामुन, नींबू, शहसूत, अनार, अंजीर, सीताफल, सहजन और कनेर आदि है।

पर्यावरण प्रेमी कुनाल मित्तल ने बताया कि गत तीन वर्षों में एक लाख तेइस हजार से अधिक पौधों का वितरण कर चुके हैं। उन्होंने बताया कि जिनको भी निःशुल्क पौधे लेने हो वह अनाज मंडी गेट के सामने समता नगर में पहुंच कर मोबाइल नंबर 8302148240 पर सांय 5:30 से 9 बजे तक हर रोज पौधे प्राप्त कर सकते हैं। पौधे जयपुर रोड पर स्थित वृंदावन एन्क्लेव से भी प्राप्त कर सकते है। उन्होंने कहा कि धरती मां को हरा भरा रखने के लिए इस मुहिम का हिस्सा बनना चाहिए ताकि आने वाली पीढ़ी आनंद से इस वातावरण में चैन की सांस ले सकें। हमने ये छोटी सी पहल कोरोना महामारी को देखते हुई की थी। क्योंकि उस समय ऑक्सीजन की मारामारी चल रही थी, जिस कारण हालात बहुत ही खतरनाक हो चुके थे।

हमारे द्वारा एक छोटी सी की गई शुरूआत से हमने गत 3 वर्षों में एक लाख तेईस हजार से अधिक पौधों का वितरण कर चुके है और ये चौथा वर्ष है। मित्तल ने कहा कि इस सेवा का हिस्सा बनकर हर किसी को कम से कम दो पेड़ पौधे अपने आसपास लगाने चाहिए और उसकी सेवा जब तक करनी चाहिए तब तक वह पौधा बड़ा ना हो जाए।

## सार-समाचार

### टीबी मरीजों को पोषण किट बांटे



गडियाला में प्रधानमंत्री टी.बी. मुक्त भारत अभियान में अवादा फाउंडेशन ने निक्षय पोषण किट वितरित किए

**बीकानेर,**(कासं)। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र गडियाला में प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत 20 मरीजों को निक्षय पोषण किट प्रदान किए गए। कार्यक्रम अवादा फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में हुआ। कार्यक्रम में जिला क्षय रोग निवारण अधिकारी डॉ. चन्द्रशेखर मोदी एवं नीति आयोग के आकांक्षी ब्लॉक फैलो योगिता व्यास, एसटीएस लक्ष्मीकांत छंगाणी, एसटीएलएस राजेश कुमार रंगा, अवादा फाउण्डेशन के डिप्टी मैनेजर महेश माथुर मौजूद थे। चिकित्सा अधिकारी एवं प्रभारी डॉ. उमाशंकर यादव ने आभार जताया। इस दौरान ए.एन.एम. किरण देवी, रणवीर सिंह, आशा सरोज देवी, शशि कुमार व्यास उपस्थित थे। इस दौरान मरीजों से संवाद किया गया और निक्षय पोषण किट के उपयोग एवं इसके फायदों के बारे में बताया गया। एसटीएस लक्ष्मीकांत छंगाणी ने बताया कि अवादा फाउंडेशन द्वारा पूर्व में उप जिला अस्पताल कोलायत में मार्च माह में इस प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किये एवं 20 मरीजों को निक्षय पोषण किट प्रदान किये गये थे।

### गौशाला में खल चूरी का वितरण

**बीकानेर,** (कासं)। महावीर इंटरनेशनल के स्वर्ण जयंती कार्यक्रम के तहत सेवा सप्ताह के पांचवें दिन सेवा कार्य के अंतर्गत बाफना स्कूल के पास स्थित नंदी गौशाला में खल चूरी का वितरण किया गया। इस सेवा कार्य के आर्थिक सहयोगी सुरेंद्र कुमार जैन हैं। कार्यक्रम में महावीर इंटरनेशनल के सदस्य उपस्थित थे। इस दौरान गौशाला अध्यक्ष वीर देवेंद्र बेद, वीर सुरेंद्र बधानी, अध्यक्ष वीर नरेंद्र सुराणा, वीर शिखरचंद सुराणा, वीर डॉ जे एस मेहता, वीर प्रवीण मित्तल, वीर संतोष बांठिया, वीर मेघराज बोथरा व अन्य गंगाशहर के नागरिक उपस्थित थे। इस अवसर पर महावीर इंटरनेशनल के सदस्यों ने गायों की सेवा के महत्व पर प्रकाश डाला और समुदाय को भी इस प्रकार के सेवा कार्यों में शामिल होने के लिए प्रेरित किया। सभी उपस्थित सदस्यों ने मिलकर गायों के लिए खल चूरी वितरित की। महावीर इंटरनेशनल की टीम ने इस सेवा कार्य को सफल बनाने के लिए अपने समर्पण और प्रयासों का प्रदर्शन किया और भविष्य में भी इस प्रकार की गतिविधियों को जारी रखने का संकल्प लिया।

# सिंहपुरा में चल रहे नशा मुक्ति केन्द्र में मिली अनियमितता

**हनुमानगढ़,** (कासं)। नशा मुक्ति केन्द्रों के निरीक्षण अभियान के तहत आज ब्लॉक संगरिया के गांव सिंहपुरा में चल रहे नशा मुक्ति केन्द्र सफा सेवा संस्थान का आकस्मिक निरीक्षण किया गया।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नवनीत शर्मा ने नशा मुक्ति केन्द्र द्वारा दी जा रही चिकित्सकीय सेवाओं एवं व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उनके साथ डीईओ जसविन्द्र बराड़ एवं दिनेश कुमार उपस्थित थे। डॉ. नवनीत शर्मा ने बताया कि जिले में नशा मुक्ति केन्द्रों के निरीक्षण अभियान के तहत आज उन्होंने गांव सिंहपुरा में चल रहे नशा मुक्ति केन्द्र सफा सेवा संस्थान का आकस्मिक निरीक्षण किया। जांच करने पर पाया कि नशा मुक्ति केन्द्र का रजिस्ट्रेशन क्लीनिकल स्थापना अधिनियम के तहत अभी नहीं करवाया गया है।

- **सिंहपुरा में चल रहे नशा मुक्ति केन्द्र सफा सेवा संस्थान का आकस्मिक निरीक्षण में मिली अनेक अनियमितताए**

निरीक्षण के समय संस्थान पर उपस्थित जसपिन्द्र सिंह एवं सुखचैन सिंह ने बताया कि वे नशा मुक्ति केन्द्र की समस्त व्यवस्थाओं को देखते हैं। उन्होंने बताया कि संस्थान में तीन डॉक्टर, तीन नर्सिंगकर्मी, तीन मैनेजमेंट कार्मिक, 5 काउंसलर एवं एक योगा टीचर हैं। निरीक्षण में पता लगा कि संस्थान में डॉ. मुनीष सिंघल, डॉ. गौरव डांढा एवं डॉ. अशोक अरोड़ा कार्यरत हैं, लेकिन मौके पर एक भी डॉक्टर उपस्थित नहीं मिला।

डॉ. नवनीत शर्मा ने डॉ. गौरव डांढा से फोन पर बात की, तो उसने बताया कि वह दो-तीन दिनों बाद सफा सेवा संस्थान पर विजिट करते हैं। अन्य दोनों डॉक्टरों से सम्पर्क नहीं हो पाया। नशा मुक्ति केन्द्र पर लगभग 60 मरीज इलाज के लिए भर्ती थे। डॉ. नवनीत शर्मा ने इलाज ले रहे मरीजों से मिल रहे उपचार, भोजन व्यवस्था एवं दैनिक गतिविधियों के बारे में जानकारी ली। दस्तावेजों की जांच में सामने आया कि मरीजों को दी जाने वाले दवाओं की पर्चियों पर डॉक्टर के हस्ताक्षर ही नहीं थे। कार्मिक रजिस्टर की जांच की गई तो पता लगा कि नर्सिंग स्टॉफ ध्रुव सिंह, गुरलाल सिंह व जयपाल सिंह भी अनुपस्थित हैं। रजिस्टर में जांच की गई तो पता लगा कि गुरलाल सिंह व जयपाल सिंह गत 27 जून 2024 से अनुपस्थित हैं।

## सी.एम.एच.ओ. कार्यालय में कूलर भेंट

**हनुमानगढ़,**(कासं)। जिला प्राइवेट लैब एसोसिएशन ने सीएमएचओ कार्यालय में एक कूलर भेंट किया।

प्राइवेट लैब एसोसिएशन के अध्यक्ष दिनेश गुप्ता ने बताया कि गर्मी के मौसम को देखते हुए एसोसिएशन ने सीएमएचओ कार्यालय में आने वाले लोगों को गर्मी से राहत देने के लिए वेंटिंग हाल के लिए एक कूलर भेंट किया है। एसोसिएशन के उपाध्यक्ष जगदीश मरेजा, सचिव पवन वर्मा, कोषाध्यक्ष अंकुर मुंजाल एवं मोहनलाल ने बताया कि सीएमएचओ कार्यालय में काफी संख्या में लोगों का आना-जाना है। ऐसे में गर्मी के मौसम में लोगों को ठंडी हवा उपलब्ध करवाना के मद्देनजर प्राइवेट लैब एसोसिएशन ने सीएमएचओ कार्यालय के वेंटिंग हाल के लिए कूलर भेंट किया है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नवनीत शर्मा ने कूलर भेंट करने के लिए प्राइवेट लैब एसोसिएशन का आभार व्यक्त किया।

# एक दिन में दो जनों ने मौत को गले लगाया

**नोखा,** (कासं)। नोखा क्षेत्र में दो जनों ने खुदकुशी कर मौत को गले लगा लिया। दोनों के शवों को नोखा के राजकीय जिला अस्पताल में लाये जहां पुलिस ने पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजन को सौंप दिए।

दोनों की खुदकुशी करने के कारणों का खुलासा नहीं हुआ है। दोनों मामलों में परिजनों ने मर्ग दर्ज कराई हैं। एसआई राजूराम ने बताया कि पांचू निवासी भंवरलाल पुत्र मोहनराम मेघवाल ने दी रिपोर्ट में बताया कि उसके भाई के लड़के प्रेमाराम की शादी सीलवा में बाबूलाल की पुत्री से की हुई थी। बुधवार देर रात करीब 11 बजे वह अपने ससुराल सीलवा गया था। गुरुवार सुबह करीब पौने सात बजे रिश्तेदार कर्णाराम ने फोन कर बताया कि उसके भाई के लड़के प्रेमाराम ने रात्रि को खुदकुशी कर ली है।

सूचना पर परिजन सीलवा पहुंचे, तो ढ़ाणी से करीब 300 मीटर दूर प्रेमाराम खेजड़ी से फंदा लगाकर जान दे दी थी। उसके शव को नोखा के जिला अस्पताल में लेकर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। प्रेमाराम की एक पुत्री है।

- **एक ने ढ़ाणी से 300 मीटर दूर खेजड़ी से फंदा लगाकर जान दी**

गजरुपदेसर सरपंच गोपालाराम जाट ने पुलिस को दी रिपोर्ट में बताया कि उसका चचेरा भाई जयराम (30) पुत्र अर्जुनराम जाट पिछले कुछ दिन से मानसिक रूप से परेशान था। परिजनों ने गुरुवार सुबह उठकर देखा, तो वह घर पर नहीं मिला। उसकी तलाश करते हुए टयूबवैल पर पहुंचे, तो वहां स्वीच रूम में पंखे के हुक में रस्सी का फंदा गले में डालकर झूलता मिला। उसे तुरंत नीचे उतार कर अस्पताल में लाया गया जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।


**राष्ट्रीय बीज परियोजना**
स्वामी केशवानंद राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय, बीकानेर
Email-nspbikaner@gmail.com

F. No. ()/NSP/SKRAU/NIT/2024-25/ 72 Date: 04/07/2024

**कृषि भूमि कास्त बाबत निविदा सूचना 04/2024**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि राष्ट्रीय बीज परियोजना, स्वामी केशवानंद राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय, बीकानेर के विश्वविद्यालय केन्द्रीय फार्म, खारा, बीकानेर के बीज उत्पादन फार्मो को "जहॉ हैं जैसे हैं" की स्थिति में वर्ष 2024-25 (खरीफ 2024 व रबी 2024-25) के लिये कास्त बाबत वार्षिक अनुबन्ध पर देने के लिए खुली बोली आमंत्रित की जाती हैं। खुली बोली से सम्बधित विस्तृत जानकारी वेब साईट www.raubikaner.org, http://sppp.rajasthan.gov.in व राष्ट्रीय बीज परियोजना कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। NIB :- SKA2425A0023 & UBN:-SKA2425WSOB00027

राज.संवाद/सी/24/1822 अतिरिक्त निदेशक अनुसंधान (बीज)

**राजस्थान सरकार, कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर ( राज. )**
Telefax No. 0154-2466652, Email :- uit_sgnr@yahoo.com, Off. Add:- UIT Office, Model Town, Sri Ganganagar (Raj.) 335001

क्रमांक :- नियमन/2024/3714 **सार्वजनिक आपत्ति सूचना** दिनांक : 5.7.2024

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि कृषि भूमि क्षेत्रों में कृषि से अकृषि प्रयोजनार्थ रूपान्तरित योजना में चक 1 ए छोटी मुरब्बा नं. 44/54 के किला नं. 16 में माप 18 इन्टू 68 फीट श्रीगंगानगर का पटटा संख्या 1152 दिनांक 20.12.2012 को श्रीमती पुष्पा रानी पत्नी श्री राधेश्याम एवं श्री राधेश्याम पत्नी श्री दुनीचन्द के नाम से जारी किया हुआ है। उक्त जारी पटटे माप 18 इन्टू 68 फीट श्री ज्ञानचन्द पुत्र श्री तुलसाराम निवासी 30-ए प्रेमनगर, श्रीगंगानगर द्वारा जरिये पंजीकृत बैयनामा द्वारा क्रय कर स्वामित्व के दस्तावेज एवं शपथ पत्र प्रस्तुत कर न्यास कार्यालय द्वारा पूर्व में जारी पटटे का समर्पण कर भूखण्ड की लीज हस्तान्तरित करवाते हुए फ्री होल्ड पटटा जारी किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। अतः उक्त के सम्बन्ध में किसी को कोई आपत्ति हो तो अपनी आपत्ति मय सबूत छाया दिनांक से 7 दिवस के अन्दर अन्दर न्यास कार्यालय के कमरा नं. 17 में प्रस्तुत करें, अन्यथा बाद मियाद गुजरने के उपरान्त आवेदकों द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों एवं शपथ पत्र के आधार पर राजस्थान नगरीय क्षेत्र (कृषि भूमि का गैर कृषि प्रयोजन के लिए उपयोग की अनुज्ञा एवं आवंटन) नियम 2012 के नियम 20, 25 एवं 27 की अनुपालना में कार्यवाही करते हुए फ्री होल्ड पटटा जारी कर दिया जावेगा। इस सम्बन्ध में न्यास किसी भी विवाद के लिए जिम्मेवार नहीं होगा। - सचिव, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर


# मुख्य नालों व नालियों की सफाई कराई

**श्रीगंगानगर,** (कासं)। नगर परिषद द्वारा बरसाती मौसम के आगमन के मद्देनजर 15 जून से पूर्व ही मुख्य नालों की सफाई एवं आवश्यक स्थानों पर खुदाई एवं मरम्मत का कार्य करवा लिया गया है। 16 जून से लेकर 15 जुलाई में पुनः नालों एवं नालियों की सफाई युद्ध स्तर पर करवाई जा रही है।

नगर परिषद आयुक्त यशपाल आहूजा ने बताया कि बरसाती मौसम के आगमन के मद्देनजर पूर्व में ही समस्त खड्डों पर स्थापित मोटरों को दुरूस्त करवा दिया गया है। उक्त खड्डों पर गत् कई वर्षों से बरसाती मौसम के दौरान परिषद द्वारा किराये पर जनरेटर की व्यवस्था की जाती है।

वर्तमान संभावित अतिवृष्टि के मद्देनजर सभी खड्डों के पर किराये पर जनरेटर की व्यवस्था कर दी गई है। उन्होंने बताया कि जनरेटर की स्थाई व्यवस्था बाबत परिषद द्वारा 3 खड्डों हेतु स्थाई रूप से जनरेटर सैट क्रय कर स्थापित करने की कार्यवाही की जा रही है, जिसकी निविदा प्रक्रिया भी पूर्ण हो चुकी है। आगामी सप्ताह तक सभी खड्डों पर जनरेटर की व्यवस्था भी स्थाई रूप से करा दी जायेगी।

उन्होंने बताया कि परिषद द्वारा निरंतर रूप से समस्त खड्डों पर स्थापित मोटरों की निगरानी एवं रखरखाव हेतु स्थाई रूप से कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई हुई है। मोटरों के सही होने के दृष्टिगत ही पूर्व की भारी बारिश के पानी का शहर से मात्र कुछ घंटों में ही निकासी किया जाना संभव हो सका।

## पटवारी राजकीय सेवा से पदच्युत

**बीकानेर,**(कासं)। जिला कलेक्टर (भू-अभिलेख) नम्रता वृष्णि ने नाथूसर पटवार मंडल के निलंबित पटवारी नवरतन शर्मा को राजकीय सेवा से पदच्युत करने के आदेश जारी किए हैं।

आदेशानुसार सेशन न्यायाधीश भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम बीकानेर द्वारा नाथूसर पटवार मंडल के पटवारी के विरूद्ध दोष सिद्ध होने तथा न्यायालय द्वारा दंडित किए जाने पर राजकीय सेवा से पदच्युत किया गया है। जिला कलेक्टर (भू-अभिलेख) नम्रता वृष्णि ने नवरतन शर्मा के विरूद्ध दोष सिद्ध होने पर राजस्थान सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियम 1958 के नियम 19 तथा राज्य सरकार के परिपत्र के अनुसरण में उनको 26 जून 2024 से राजकीय सेवा से पदच्युत किया है।

# पौधारोपण के साथ उनके बड़े होने तक देखभाल करें : कलेक्टर

**श्रीगंगानगर,** (कासं)। मुख्यमंत्री की मंशा के अनुसार शुक्रवार को नगर परिषद के बाहर जिला प्रशासन द्वारा नवाचार के तहत छबील लगाकर आमजन में निशुल्क पौधे वितरित किये गए।

इस दौरान पौधे वितरित करते हुए जिला कलेक्टर लोकबंधु ने आमजन से आव्हान किया कि पौधारोपण के साथ-साथ इनकी समुचित देखभाल भी की जाये। बड़े होने तक इन पौधों की सार संभाल होगी तो भविष्य में ये पर्यावरण संरक्षण में सहायक होंगे। नगर परिषद के बाहर आयोजित छबील पौधारोपण कार्यक्रम में आमजन को निशुल्क पौधे वितरित करते हुए जिला कलेक्टर ने कहा कि जो पौधे वितरित किये जा रहे हैं, उनकी अच्छी तरह से देखभाल की जाये। बड़े होने तक अगर इन पौधों की सार-सभाल होगी तो इनसे न केवल पर्यावरण का संरक्षण होगा बल्कि हरियाली भी बढ़ेगी। उन्होंने मानसून सत्र के दौरान प्रत्येक व्यक्ति और परिवार से पौधारोपण करने का आव्हान करते हुए कहा कि केन्द्र और राज्य सरकार की ओर से भी अधिकाधिक वृक्षारोपण के लिये अभियान संचालित किये जा रहे हैं। इस अभियान में बढ़-चढ़ कर भाग लें और ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाते हुए उनकी देखभाल करने का संकल्प लें।

- **जला प्रशासन द्वारा नवाचार के तहत छबील लगाकर आमजन में निशुल्क पौधे वितरित किये गए**

नगर परिषद आयुक्त यशपाल आहूजा ने बताया कि छबील लगाकर शुक्रवार को आमजन में निशुल्क पौधे वितरित किये गये। इनमें कनेर, अमलताश, नीम, गुलाब, जामुन, अमरूद के पौधे शामिल थे। शनिवार को समस्त वार्डों में पौधे वितरित किये जायेंगे। इसके अलावा जिला मुख्यालय स्थित एसटीपी, मल्टी पर्पज स्कूल, महाराजा गंगासिंह स्टेडियम आदि स्थानों पर सघन वन क्षेत्र भी विकसित किये जायेंगे।


**राजस्थान सरकार, कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर ( राज. )**
Telefax No. 0154-2466652, Email :- uit_sgnr@yahoo.com
Off. Add:- UIT Office, Model Town, Sri Ganganagar (Raj.) 335001

क्रमांक :- नियमन/2024/3717 **सार्वजनिक आपत्ति सूचना** दिनांक : 3.7.2024

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि कृषि भूमि क्षेत्रों में कृषि से अकृषि प्रयोजनार्थ रूपान्तरित योजना में चक 6 जैड ए मुरब्बा नं. 39 के किला नं. 8 में माप 30 इन्दू 65 फीट भूखण्ड संख्या डी-12, शालीमार बाग, श्रीगंगानगर का पट्टा संख्या 4502 दिनांक 22.06.2007 को श्री लव कुमार शर्मा पुत्र श्री लक्ष्मण दास शर्मा निवासी जयपुर के नाम से जारी किया हुआ है। उक्त जारी पटटे का पटटाधारक द्वारा स्वामित्व के दस्तावेज एवं शपथ पत्र प्रस्तुत कर न्यास कार्यालय द्वारा पूर्व में जारी पटटे का समर्पण कर लीज होल्ड से फ्री होल्ड पट्टा जारी किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। अतः उक्त के सम्बन्ध में किसी को कोई आपत्ति हो तो अपनी आपत्ति मय सबूत छाया दिनांक से 7 दिवस के अन्दर-अन्दर न्यास कार्यालय के कमरा नं. 17 में प्रस्तुत करें, अन्यथा बाद मियाद गुजरने के उपरान्त आवेदकों द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों एवं शपथ पत्र के आधार पर राजस्थान नगरीय क्षेत्र (कृषि भूमि का गैर कृषि प्रयोजन के लिए उपयोग की अनुज्ञा एवं आवंटन) नियम 2012 के नियम 20, 25 एवं 27 की अनुपालना में कार्यवाही करते हुए फ्री होल्ड पटटा जारी कर दिया जावेगा। इस सम्बन्ध में न्यास किसी भी विवाद के लिए जिम्मेवार नहीं होगा।

- सचिव, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर

**राजस्थान सरकार, कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)**
Telefax No. 0154-2466652, Email :- SECYUIT.SGNR@RAJASTHAN.GOV.IN
Off. Add:- UIT Office, Model Town, Sri Ganganagar (Raj.) 335001

क्रमांक :- नियमन/2024/3713 **सार्वजनिक आपत्ति सूचना** दिनांक : 05.07.2024

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती शालु पत्नी श्री विशाल विग निवासी 45, गली नं. 1, हरदीप सिंह कॉलोनी, श्रीगंगानगर के द्वारा न्यास क्षेत्र में स्थित भूखंड का न्यास रिकार्ड में नामान्तरण हेतु आवेदन किया गया है। उक्त भूखंड के सम्बन्ध में न्यास रिकार्ड एवं आवेदक के द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज की स्थिति निम्तानुसार है :-

| न्यास रिकार्ड के अनुसार भूखंड का विवरण | | आवेदक के द्वारा भूखंड के नामांतरण हेतु प्रस्तुत दस्तावेजों का विवरण |
|---|---|---|
| भूखण्ड का विवरण | मूल भूखण्डधारी | दस्तावेज का विवरण |
| चक 2 एमएल मुरब्बा नं. 54 के किला नं. 11 में माप 30 इंटू 50 फीट भूखंड सं. ई-09, सूर्यनगरी कॉलोनी, श्रीगंगानगर | उक्त भूखंड का आवासीय पट्टा सं. 10013 दिनांक 9.12.2019 को श्री जसवन्त कुमार पुत्र श्री कुंदन लाल के नाम से जारी किया हुआ है। वर्तमान में उक्त भूखंड इन्हीं के नाम से दर्ज है। | श्रीमती शालू द्वारा उक्त भूखंड को पंजीकृत बैयनामा दिनांक 31.5.2024 के द्वारा क्रय कर उक्त भूखंड के नामांतरण बाबत न्यास में आवेदन प्रस्तुत किया है। |

इस प्रकार उक्त भूखण्ड के सम्बन्ध में उपर्युक्तानुसार दस्तावेजों की प्रति इस कार्यालय में प्रस्तुत कर नामान्तरण चाहा गया है इस संबंध में श्रीमती शालु पत्नी श्री विशाल विग निवासी 45, गली नं. 1, हरदीप सिंह कॉलोनी, श्रीगंगानगर द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज के संबंध में कोई आपत्ति है तो सूचना के प्रकाशन के 07 दिवस में पुख्ता दस्तावेजों सहित अपनी आपत्ति/उजर दावा निम्न हस्ताक्षरकर्ता के समक्ष प्रस्तुत कर सकते है। उक्त अवधि के दौरान इस भूखण्ड से सम्बन्धित समस्त दस्तावेजों को आमखास हितबद्ध व्यक्ति के देखने व पढ़ने के लिये कार्यायल समय में खुला रखा गया है। बाद मियाद प्रकरण का निस्तारण कर दिया जायेगा एवं कोई आपत्ति/उजर स्वीकार नहीं होगा।

सचिव, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर


# ऊंटनी का दूध मानव रोगों मधुमेह, टी.बी., ऑटिज्म आदि में लाभदायक : डॉ. सावल

**बीकानेर,**(कासं)। राष्ट्रीय उष्ट्र अनुसंधान केन्द्र ने अपना 41 वां दिवस समारोहपूर्वक मनाया। इस समारोह में राजस्थान के जैसलमेर, जोधपुर, झालावाड़, बारां जिलों तथा बीकानेर से गाढ़वाला, भामटसर, मोरखाना आदि के ऊंट पालकों, महिला किसान, दुग्ध उद्यमिता से जुड़े युवा उद्यमियों, बीएसएफ के जवानों, स्कूली बच्चों, बीकानेर स्थित आईसीएआर के विभागाध्यक्षों व एनआरसीसी के सेवानिवृत तथा कार्यरत वैज्ञानिकों, अधिकारियों, कर्मचारियों सहित 200 से ज्यादा ने शिरकत दी।

केन्द्र सभागार में आयोजित समारोह में मुख्य अतिथि डॉ. जगदीश राणे, निदेशक, केन्द्रीय शुष्क बागवानी संस्थान, बीकानेर ने कहा कि यद्यपि ऊंटों की संख्या घट रही है परंतु उष्ट्र प्रजाति के संरक्षण व विकास की दिशा में एनआरसीसी बेहतरीन कार्य कर रहा है। खास बात यह है कि यहां शोध को मानव समाज के स्वास्थ्य लाभ से जोड़कर उसे सिद्ध किया जा रहा है। उन्होंने वैज्ञानिकों को मार्केटिंग के हिसाब से उत्पाद तैयार कर इनके पेटेंट हेतु तथा युवा उद्यमियों को ऊंटनी के दूध आदि को लेकर स्टार्टअप खोलने के लिए भी प्रेरित किया। केन्द्र के निदेशक व कार्यक्रम अध्यक्ष डॉ. आर. के. सावल ने एनआरसीसी की विगत वर्षों में प्राप्त उपलब्धियों एवं उल्लेखनीय कार्यों से अवगत कराते हुए कहा कि केन्द्र द्वारा ऊंटों के जनन, प्रजनन, आनुवांशिकी, शरीर कार्यिकी, पोषण, स्वास्थ्य आदि को लेकर गहन शोध कार्य किए गए। साथ ही बदलते परिवेश में ऊंटों की उपादेयता बढ़ाने के लिए शोध द्वारा ऊंटनी के औषधीय दूध का मानव रोगों यथा-मधुमेह, टी.बी., ऑटिज्म आदि के प्रबंधन में लाभदायक पाया है। फलस्वरूप समाज में इसके प्रति जागरूकता व दूध की स्वीकार्यता भी तेजी से बढ़ी है साथ ही ऊँट पालकों की अतिरिक्त आमदनी बढ़ाने हेतु उत्कृट पर्यावरणीय पर्यटन विकास कार्यों को बढ़ावा दिया जा रहा है।



एन.आर.सी.सी. के स्थापना दिवस पर मुख्य अतिथि डॉ. जगदीश राणे निदेशक केन्द्रीय शुष्क बागवानी संस्थान बीकानेर ने स्मारिका का विमोचन किया।

- **राष्ट्रीय उष्ट्र अनुसंधान केन्द्र ने अपना 41 वां दिवस समारोहपूर्वक मनाया**

## श्रमिकों की मांगों का ज्ञापन सौंपा

बीकानेर,(कासं)। अ भारतीय भवन निर्माण श्रमिक संघ बीकानेर के जिला महामंत्री कन्हैयालाल सोलंकी ने बताया कि आज निर्माण श्रमिकों की समस्याओं का 7 सूत्रीय ज्ञापन प्रदेश कार्यसमिति सदस्य गौरीशंकर व्यास, जिला मंत्री दीपक चतुर्वेदी के नेतृत्व में संयुक्त श्रम आयुक्त प्रदीप कुमार को सौंपा गया।

गौरीशंकर व्यास ने बताया कि निर्माण श्रमिक होने का प्रमाण पत्र देने के लिए अधिनियम की धारा 14 के अनुसार यूनियन को अधिकृत किया गया है परंतु विभाग द्वारा संगठनों को अनदेखा किया जाता है। जिससे औद्योगिक विवाद अधिनियम 1948 की धारा 25 टी व 25 य का उल्लंघन हो रहा है। अतः उपरोक्त प्रमाण पत्र को मान्यता देते हुए पंजीयन की कार्रवाई में गति दी जाए।

संगठन के उपाध्यक्ष गणेश सांखला ने बताया कि ई मित्रों की तर्ज पर केन्द्रीय श्रम संगठनों को जारी की जाए जिससे यूनियन अपने सदस्यों को निशुल्क आवेदन कर सकें।


**श्रद्धांजलि**



24.10.1918 - 06.07.2000

24वीं पुण्यतिथि

**श्रद्धेय स्व. वैद्य श्री घनश्याम जी शर्मा**

निवासी श्रीमाधोपुर (सीकर) की 24वीं पुण्यतिथि 06 .07 .2024 पर सभी परिवारजन की ओर से

**शत् शत् नमन् एवं सादर श्रद्धांजलि**

कैलाश शर्मा (राष्ट्रदूत) एवं उमा शर्मा (से.नि.प्रधानाध्यापिका), नरेन्द्र शर्मा (से.नि.एयरफोर्स) एवं दीपशिखा, सत्यप्रकाश शर्मा (राष्ट्रदूत, जोधपुर) एवं ज्योति शर्मा (से.नि.प्रिंसिपल सी.सै.स्कूल) (पुत्र-पुत्रवधु), बीना एवं नरेन्द्र भारद्वाज (से.नि.भारतीय स्टेट बैंक) (पुत्री-दामाद), प्रशांत एवं प्रिया (पौत्र-पौत्रवधु) एवं समस्त परिवारजन

मोबाइल : 9829264308, 9829360428, 9462694531